Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open Agriculture based industries in Balaghat and Seoni district in Madhya Pradesh.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): महोदय, मैं सर्वप्रथम आदरणीय प्रधान मंत्री जी और हमारे देश के गृह मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं जिनके कारण से देश को आज यह दिन देखने का अवसर मिला । मुझे भी आज अपनी आंखों से यह अवसर देखने को मिला तो मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मैं सत्रहवीं लोक सभा में आया ।

महोदय, मेरा बालाघाट जिला नक्सलवाद से प्रभावित है । यह कृषि और वन से आच्छादित है । यहां काफी बेरोजगारी है । इस दृष्टि से मैं कहना चाहता हूं कि बालाघाट और शिवनी जिले में वन और कृषि पर आधारित उद्योग खोले जाएं ताकि यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके और लोगों को वहां से पलायन न करना पड़े । कृषि आधारित उद्योग होने से निश्चित रूप से लोगों को रोजगार मिलेगा और अभी जो पलायन की स्थिति है, उस पर रोक लगेगी । इस साल भी वर्षा नहीं हुई है । देश एक तरफ बाढ़ से डूब रहा है और दूसरी तरफ बालाघाट और शिवनी जिले में अल्पवर्षा हुई है । यहां हर एक-दो साल में अकाल पड़ता है । कृषि आधारित और वन आधारित उद्योग यहां लगाए जाएं ताकि नौजवानों को प्रशिक्षण देकर रोजगार दिया जा सके ।